भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 2884**
उत्तर दिनांक 13/08/2026 को दिया गया

## परमाणु ऊर्जा संयंत्र

2884. श्री मिलिंद मुरली देवरा

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) भारत में निर्माणाधीन परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और उनके स्थान, रिएक्टर के प्रकार, क्षमता, संस्वीकृत लागत और शुभारंभ की मूल तिथियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान ऐसी प्रत्येक परियोजना हेतु संस्वीकृत, जारी और प्रयुक्त धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोई परियोजना अपने शुभारंभ की मूल तिथि से विलंबित है और यदि हाँ, तो विलंब, संशोधित शुभारंभ तिथि और विलंब के कारणों का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) प्रत्येक निर्माणाधीन परियोजना की लागत वृद्धि , यदि कोई हो तो, और उसके कारणों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सभी परियोजनाओं के शुभारंभ होने पर राष्ट्रीय ग्रिड में कुल कितनी क्षमता वृद्धि (मेगावाट में) अपेक्षित है?

## उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) निर्माणाधीन परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है।

| क्र.सं. | परियोजना | स्थान | क्षमता (मेगावाट) | कमीशनन की तिथि | | लागत (रूपए करोड़ में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मूल | स्थिति/संशोधित | मंजूर की गई | संशोधित |
| **स्वदेशी दाबित भारी पानी रिएक्टर (आईपीएचडब्ल्यूआर)** | | | | | | | |
| 1 | आरएपीपी-7* | रावतभाटा, राजस्थान | 700 | जून-2016 | दिनांक 15.04.2026 से वाणिज्यिक उत्पादन शुरु हुआ | 12,320 | 22,924 |
| | आरएपीपी-8 | | 700 | दिसम्बर-2016 | कमीशनन के प्रगत चरण में है (2026 में प्रचालनरत होने की आशा है)। | | |
| 2 | जीएचएवीपी-1 | गोरखपुर, हरियाणा | 700 | सितम्बर-2020 | कंक्रीट की पहली ढलाई से लगभग 6 वर्षों में निर्माण और कमीशनन का कार्य पूरा होने की आशा है। | 20,594 | संशोधन अधीन |
| | जीएचएवीपी-2 | | 700 | मार्च-2021 | | | |
| 3 | कैगा-5 | कैगा, कर्नाटक | 700 | जून-2026 | जून-2031 | 21,000 | संशोधन अधीन |
| | कैगा-6 | | 700 | जून-2027 | जून-2032 | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | पीएफबीआर | कल्पाक्कम, तमिलनाडु | 500 | सितम्बर-2010 | मार्च- 2027 | 3492 | संशोधन अधीन |
| **विदेशी सहयोग से स्थापित होने वाले साधारण जल रिएक्टर (एलडब्ल्यूआर)** | | | | | | | |
| 5 | केकेएनपीपी -3 | कुडनकुलम, तमिलनाडु | 1000 | मार्च-2023 | जून-2027 | 39,849 | 68,893 |
| | केकेएनपीपी-4 | | 1000 | नवम्बर-2023 | जून-2028 | | |
| 6 | केकेएनपीपी-5 | | 1000 | दिसम्बर-2026 | जून-2029 | 49,621 | 69,437 |
| | केकेएनपीपी-6 | | 1000 | सितम्बर-2027 | मार्च-2030 | | |

* उत्पादन अप्रैल 2026 में ही शुरू हो चुका है। तथापि, लागत द्वि-इकाई (आरएपीपी-7 व आरएपीपी-8) आधार पर उपलब्ध है।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्माणाधीन प्रत्येक परियोजना के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(ग) व (घ) हाल ही में परियोजनाओं के निर्माण/कमीशनन में देरी के प्रमुख कारण जापान में फुकुशिमा घटना के बाद व्यापक डिजाइन परिवर्तन, महत्वपूर्ण उपकरणों की आपूर्ति में देरी, कोविड-19 महामारी और संबंधित मुद्दे, रूसी परिसंघ से आपूर्ति में देरी (केकेएनपीपीपी के लिए), कोविड के बाद वित्तीय संकट/नकदी प्रवाह समस्याओं के कारण स्थल विशेष पर ठेकेदारों द्वारा कार्यों के निष्पादन में विलम्ब, कठिन स्थल मिट्टी स्थितियां (जीएचएवीपी में), कुशल ठेकेदार जनशक्ति की कमी, और चल रहे रूस-यूक्रेन और यूएसए/इजरायल-ईरान भू-राजनीतिक युद्ध के कारण प्रभाव रहे हैं।

चुनौतियों का समाधान करने के लिए, परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए विभिन्न उपायों को लागू किया जा रहा है। इन उपायों में एनपीसीआईएल और डीएई में कई स्तरों पर समय-समय पर परियोजना समीक्षाएं, परियोजना गतिविधियों की प्रगति की निरंतर निगरानी, अवरोधों की समय पर पहचान कर उनका आवश्यक मध्यवर्ती सुधार करना, विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए विक्रेताओं/ठेकेदारों के साथ लगातार बैठकें करना, निर्माण गतिविधियों का यथासंभव पुनःअनुक्रमण करना, एनपीसीआईएल के विभिन्न कार्यकारियों को उच्च शक्तियों का प्रत्यायोजन और परियोजना की निगरानी के लिए बोर्ड उप-समितियों का गठन शामिल हैं। इसके अलावा, सुपुर्दगी में अधिक समय लगने वाले उपकरणों के लिए थोक में क्रयादेश दिया जाना अपनाया गया है और फ्लीट मोड में कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न रिएक्टरों के लिए कई उपकरण विनिर्माण/क्रमिक सुपुर्दगी के अधीन हैं ताकि परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक महत्वपूर्ण मदों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

(ङ) वर्तमान में निर्माणाधीन परियोजनाओं के क्रमिक कमीशनन होने पर, राष्ट्रीय ग्रिड में 8000 मेगावाट की संचयी क्षमता जुड़ जाएगी।

*****

***अनुलग्नक***

पिछले पाँच वर्षों के दौरान निर्माणाधीन प्रत्येक परियोजना के लिए मंजूर, जारी और उपयोग की गई इक्विटी का वर्ष-वार विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

*राशि रुपए करोड़ में*

| परियोजना का नाम | 2021-22 | | | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25 | | | 2025-26 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी |
| जीएचएवीपी - 1 व 2 | 540 | 141 | 141 | 1952 | 577 | 577 | 1990 | 254 | 254 | 2831 | 563 | 563 | 3042 | 631 | 631 |
| केकेएनपीपी - 5 व 6 | | 363 | 363 | | 1375 | 1375 | | 1585 | 1585 | | 1924 | 1924 | | 1806 | 1806 |
| सीएमएपीपी - 1 व 2 | | 7 | 7 | | 0 | 0 | | 12 | 12 | | 41 | 41 | | 73 | 73 |
| एमबीआरएपीपी-1 से 4 | | 15 | 15 | | 0 | 0 | | 23 | 23 | | 42 | 42 | | 49 | 49 |
| कैगा - 5 व 6 | | 8 | 8 | | 0 | 0 | | 102 | 102 | | 246 | 246 | | 365 | 365 |
| जीएचएवीपी - 3 व 4 | | 6 | 6 | | 0 | 0 | | 14 | 14 | | 15 | 15 | | 118 | 118 |
| कुल | 540 | 540 | 540 | 1952 | 1952 | 1952 | 1990 | 1990 | 1990 | 2831 | 2831 | 2831 | 3042 | 3042 | 3042 |

पिछले पाँच वर्षों के दौरान पीएफबीआर के लिए मंजूर, जारी और उपयोग की गई इक्विटी का वर्ष-वार विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

| परियोजना का नाम | 2021-22 | | | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25 | | | 2025-26 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी | मंजूर की गई इक्विटी | जारी की गई इक्विटी | उपयोग की गई इक्विटी |
| पीएफबीआर | 550 | 550 | 550 | 272 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 1184 | 600 | 500 | 374 | 150 | 150 |

*****